प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मुख्य समाचार ..................

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज एक दिवसीय हमीरपुर दौरे पर–कई विकास योजनाओं के करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास
- प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की धर्मशाला में कल से प्रस्तावित बैठक स्थगित।
- जलोढ़ी जोत में समुदाय आधारित ईको टूरिज्म मॉडल बना आजीविका, संरक्षण और सहभागिता की मिसाल।
- प्रदेश पुलिस ने एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश भर में चलाया विशेष तलाशी अभियान–8 सौ 40 संदिग्धों की हुई स्क्रीनिंग।
- प्रदेश में मानसून 18 जुलाई से फिर पकड़ेगा रफतार– भारी वर्षा का येलो अलर्ट

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज अपने गृह जिला हमीरपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री हमीरपुर में रानी झांसी पार्क पर नगर निगम की 13 दुकानों का उदघाटन करेंगे और टाउन हॉल परिसर में नगर निगम के कार्यालय भवन का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री टाउन हॉल में ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर बाद शिमला लौट आएंगे। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने नगर निगम के अधिकारियों को उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की धर्मशाला में 16 और 17 जुलाई को प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई है। ये बैठक पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की व्यस्तता के कारण स्थगित हुई बताई जाती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बैठक स्थगित होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अब ये बैठक अगले सप्ताह होगी, हालांकि फिलहाल इसकी तिथि तय नहीं हुई है। इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों, सरकार व संगठन के बीच समन्वय और राजनीतिक नीतियों पर चर्चा होनी थी।

महिला सम्मेलन

पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकायों के हाल ही में संपन्न चुनाव में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का आज राज्य स्तरीय सम्मेलन शिमला के निकट मशोबरा में होगा। प्रदेश के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव सी.पालरासू इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन में स्थानीय शासन में महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने, पंचायतों में सुशासन और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयस जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा महिला जनप्रतिनिधि अपने अनुभव और सुझाव भी साझा करेंगी।

विपिन परमार

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक विपिन सिंह परमार ने कांगड़ा के परौर स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलीटैक्नीक कॉलेज की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। परमार ने कॉलेज की इस स्थिति के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेवार ठहराया और कहा कि सरकार की लापरवाही ने करोड़ों रूपये की इस संपति को खंडहर बना दिया है। परमार ने इस निर्माणाधीन कॉलेज भवन का दौरा करने के बाद कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने यूवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 30 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना को शुरू करवाया था। लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस कॉलेज के भवन के कार्य को शीघ्र पूरा नहीं किया तो भाजपा इस मुद्दे पर जनआंदोलन करेगी।

ईको टूरिज्म मॉडल

कुल्लू जिला की प्रसिद्व जलोढ़ी जोत में वन विभाग द्वारा आरंभ किया गया सामुदायिक आधारित ईको टूरिज्म मॉडल स्थानीय महिलाओं को रोजगार के साथ–साथ प्रदेश के हस्तशिल्प और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता–

विशेष लोक अदालत

सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को निपटाने के लिए समाधान समारोह यानि विशेष लोक अदालत 2026 के लिए इच्छुक पक्षकार 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। कांगड़ा ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण धर्मशाला के सचिव आर. मेहुल शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह व मध्यस्थता से निपटाने के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि आम लोगों के लिए न्याय सुलभ बनाने के उद्देश्य से 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय परिसर में समाधान समारोह का शुभारम्भ किया गया है।

एंटी चिट्टा अभियान

प्रदेश पुलिस ने अपने एंटी चिट्टा अभियान के तहत राज्यव्यापी गहन तलाशी अभियान चलाया और 5 सौ 73 निर्जन स्थानों पर संदिग्ध लोगों का निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत गांवों और शहरों में संदिग्ध लोगों के आवश्यकतानुसार मूत्र के नमूने भी एकत्रित किए गए। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि इस अभियान का उददेश्य निर्जन, एकांत और अर्ध–सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना था, ताकि प्रदेश में सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान कुल 8 सौ 40 संदिग्ध लोगों की स्क्रीनिंग की गई और 1 हजार 7 सौ 74 वाहनों की तलाशी भी ली गई। प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस विभाग प्रदेश में चिट्टे के समूल नाश के लिए दृढ़ संकल्प है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री झूठ बोल कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमकेयर योजना को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं जबकि सच्चाई सरकार के आधिकारिक दस्तावेज़ों में दर्ज है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वर्ष 2019 से 2022 तक की मांगी गई जानकारी के जवाब में ये खुलासा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में एक भी योजना शुरू करने में नाकाम रहे और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार की योजनाओं को घोटाले का झूठा नाम देकर कीचड़ उछाल रहे हैं।

भाजपा

भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर पर्यावरण कानूनों की खुली अनदेखी करने का आरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की व्यवस्था को तहस–नहस कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण निवारण व नियंत्रण अधिनियम के तहत बोर्ड में पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य सचिव की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार ने सचिव पर्यावरण को ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार दे दिया है, जो नियमों के विरूद्व है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार इस तरह के गलत निर्णय लेकर संस्थाओं की स्वायतता को कमजोर कर रही है और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का राजनीतिक व मनमाना उपयोग कर रही है। उन्होंने सरकार से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में तुरंत पूर्णकालिक सदस्य सचिव की नियुक्ति की मांग की है।

मौसम

मॉनसून के प्रदेश में कई दिनों तक सक्रिय बने रहने के बाद अब इसकी रफतार कुछ धीमी हो गई है। राज्य में बीते दो दिनों से मॉनसून की नाममात्र की वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 17 जुलाई तक मॉनसन के कमजोर बने रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटियार ने कहा कि 18 से 22 जुलाई के बीच प्रदेश में मॉनसून फिर से सक्रिय रहेगा और इस दौरान अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा की संभावना है। विभाग ने इस अवधि के दौरान भारी वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया है। शोभित कटियार ने कहा कि प्रदेश में जुलाई महीने में अभी तक सामान्य से 21 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—अनुबंध कंप्यूटर ऑपरेटरों को नियमित करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक—हिमाचल हाईकोर्ट ने दिया था आदेश, कर्मचारियों को नोटिस, 24 अगस्त तक मांगा जवाब। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है—किशाऊ जल विद्युत परियोजना से निवेश किए बिना 600 करोड़ राजस्व। नालागढ़ में प्रस्तावित मेडिकल डिवाइस पार्क को लेकर दैनिक जागरण का शीर्षक है—निवेशकों से 40 प्रतिशत राशि पहले लेगी सरकार। जबकि हिमाचल दस्तक के शब्द हैं—मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश को मापदंड तय। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है—सोलन को 500 किलोवाट का सोलर प्रोजेक्ट—मुख्यमंत्री सुक्खू ने ममलीग में निर्मित परियोजना का किया उद्घाटन। दैनिक सवेरा टाइम्स ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता के हवाले से लिखा है—हर 3 माह में हो विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक, शोध और कौशल आधारित शिक्षा पर दें जोर।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज एक दिवसीय हमीरपुर दौरे पर—कई विकास योजनाओं के करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास
- प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की धर्मशाला में कल से प्रस्तावित बैठक स्थगित।
- जलोढ़ी जोत में समुदाय आधारित ईको टूरिज्म मॉडल बना आजीविका, संरक्षण और सहभागिता की मिसाल।
- प्रदेश पुलिस ने एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश भर में चलाया विशेष तलाशी अभियान—8 सौ 40 संदिग्धों की हुई स्कीनिंग।
- प्रदेश में मानसून 18 जुलाई से फिर पकड़ेगा रफतार— भारी वर्षा का येलो अलर्ट